देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 30 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...विश्वास का आंगन



# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 25 अप्रैल 2020



मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 19.0°

31431.06

2 बांग्लादेशी अस्पताल बोले बिहारी हो ?

7 अपने करियर में खेले 6 वर्ल्ड कप

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्र पर बरसे राहुल, डीए काटना तो अमानवीय है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी केंद्र सरकार पर लगातार आरोप लगा रहे हैं कि कोरोना संकट से निपटने में उसका रवैया असंवेदनशील और अमानवीय है। उन्होंने केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों का महंगाई भत्ता काटे जाने के फैसले का हवाला देकर यह आरोप दुहराया है। राहुल ने गुरुवार को केंद्र पर लॉकडाउन में मजदूरों और असहाय आबादी का ख्याल नहीं रखने का आरोप लगाया था।

### अर्णब गोस्वामी को अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल करने को मिले तीन हफ्ते

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। न्यायमूर्ति डॉ डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एम आर शाह की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने अर्णब गोस्वामी द्वारा दायर याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई पूरी कर दी है। यह याचिका देश के विभिन्न हिस्सों में उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को चुनौती देती थी। अर्नब के लिए मुकुल रोहतगी पेश हुए। महाराष्ट्र के लिए कपिल सिब्बल, छत्तीसगढ़ के लिए विवेक तनखा, राजस्थान के लिए मनीष सिंघवी समेत कुल 8 वकील जिरह के लिए मौजूद रहे।

### त्रुटिपूर्ण एंटीबॉडी टेस्ट किट भेजे जाएंगे वापस: स्वास्थ्यमंत्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। त्रुटिपूर्ण एंटीबॉडी टेस्घ्ट किट चीन समेत जिन देशों से मंगवाए गए थे उन्हें वापस भेज दिए जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने शुक्रवार को इस बात की जानकारी दी। दरअसल, उन्होंने आज राज्य की तैयारियों का जायजा लेने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा, 'ये खराब एंटीबॉडी टेस्ट किट जिन देशों से आए हैं उन्हें वापस भेज दिया जाएगा हमने अभी तक इसके लिए किसी तरह का भुगतान नहीं किया है।'

### ऐलान, अन्य राज्यों से वापस लाए जाएंगे यूपी के मजदूर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने बड़ा फैसला लेते हुए कहा है कि दूसरे राज्यों में फंसे यूपी के मजदूरों को वापस लाया जाएगा। सीएम ने इसके लिए बस एक ही शर्त रखी है कि सरकार सिर्फ उन्हीं मजदूरों को वापस लाएगी जो किसी अन्य प्रदेश में 14 दिन का क्वारंटीन पूरा कर चुके हैं। सीएम योगी ने टीम–11 के साथ मीटिंग में 14 दिन का क्वारंटीन पूरा कर चुके दूसरे राज्यों में फंसे मजदूरों को चरणबद्ध तरीके से वापस लाने की कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए।

# गांवों ने दिया 'दो गज दूरी' मंत्र

## राष्ट्रीय पंचायती दिवस पर पीएम मोदी की सरपंचों के साथ चर्चा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय पंचातराज दिवस के अवसर पर देशभर के सरपंचों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के जरिए बातचीत की। पीएम ने चर्चा के दौरान कोरोना वायरस से लेकर गांवों में विकास के कार्यों पर सरपंचों और ग्राम प्रधानों से बात की।

**पीएम बोले- कोरोना है विचित्र वायरसः** कोरोना वायरस बड़ा विचित्र वायरस है। वह अपने आप कहीं नहीं जाता है। अगर आप कोरोना को बुलाने जाएंगे, लेने जाएंगे तो वह आपके साथ घर में घुस जाएगा। इसलिए दो गज की दूरी वाला मंत्र गूंजते रहना चाहिए।

**गांवों ने दुनिया को दिया दो गज दूरी का मंत्रः** उन्होंने कहा कि लॉकडाउन में गांवों ने संस्कारों से अच्छी शिक्षा दी है। गांवों से अपडेट आ रही हैं वो बड़े–बड़े लोगों को प्रेरणा देने वाली है। हिंदुस्तान के हर गांव और वासियों को प्रणाम करता हूं। आपने दुनिया को बहुत सरल शब्दों में मंत्र दिया है। आपने सिंपल शब्दों में कह दिया न सोशल डिस्टेंसिंग न लॉकडाउन आपने मैसेज दिया दो गज दूरी की। दो गज देह की दूरी का मंत्र दुनिया को दिया।

**ग्राम स्वराज पोर्टल का शुरूः** पीएम नरेंद्र मोदी ई ग्राम स्वराज पोर्टल का शुभारंभ किया। इस पोर्टल के जरिए ग्राम स्वराज के प्रबंधन, वित्त पोषण और ऑडिट की सुविधा प्रदान करेगा।

पीएम मोदी ने स्वामित्व नामक योजना का भी किया शुभारंभ। मालकिना हक के जरूरतों को पूरी करेगी यह योजना। डिजिटल नक्शा बनाया जाएगा।



### कोरोना ने दिया संदेश, आत्मनिर्भर बनो

कोरोना संकट ने अपना सबसे बड़ा संदेश, सबक हमें दिया है, सिखाया और एक प्रकार से उस रास्ते पर चलने के लिए दिशा दिखाया है। अनुभव से हमने पाया है कि अब हमें आत्मनिर्भर बनना ही पड़ेगा। बिना आत्मनिर्भर बने ऐसे संकटों को झेल पाना भी मुश्किल हो जाएगा। गांव अपने स्तर पर, जिला अपने स्तर पर और राज्य अपने स्तर पर और इसी तरह पूरा भारत कैसे आत्मनिर्भर बने। अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए हमें कभी भी बाहर का मुंह नहीं देखना पड़े यह तय करना होगा।

### 6 राज्यों में स्वामित्व योजना की शुरुआत

पीएम ने कहा कि गांव के आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए शहरों और गांवों में दूरी को कम करने के लिए शुक्रवार को सरकार द्वारा दो बड़े प्रोजेक्ट शुरू किए गए हैं। ग्राम स्वराज और स्वामित्व। दूसरी ऐप की विशेषता है हर ग्रामवासी के लिए मालिक बनने का तरीका। यह एक तरीके से पंचायतों के संपूर्ण डिजिटलीकरण की शुरुआत है। इन दो योजनाओं से अपने मोबाइल पर जानकारी लोग रख पाएंगे। स्वामित्व योजना गांव की संपत्तियों को ठीक करने का प्रयास है। देश के सभी गांवों में की संपत्ति की ड्रोन से मैपिंग की जाएगी। गांव के लोगों को एक मालिकाना प्रमाणपत्र दिया जाएगा।

## कोरोना से ठीक हुए लोगों से केजरीवाल और डॉक्टर की खास अपील

# देशभक्ति दिखाएं प्लाज्मा डोनेट करें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना वायरस के इलाज में प्लाज्मा थेरपी कारगर हो सकती है, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को इसका इशारा दिया। उन्होंने बताया कि दिल्ली के 4 मरीजों पर इसका प्रयोग किया गया जिसके नतीजे अच्छे आए हैं। उन्होंने कहा कि अब केंद्र सरकार से बाकी सीरियस मरीजों को प्लाज्मा थेरपी देने के लिए इजाजत मांगी जाएगी।

केजरीवाल ने यह भी कहा कि शुरुआती रिजल्ट उत्साहवर्धक है लेकिन इसे अभी कोरोना का इलाज न माना जाए। केजरीवाल और उनके साथ आए डॉक्टर एसके सरीन (इंस्टिटच्यूट ऑफ लिवर साइंस के डायरेक्टर) ने कहा कि कोरोना से ठीक हुए लोगों को अब देशभक्ति दिखाते हुए प्लाज्मा देना चाहिए।

**दिल्ली सरकार ने 4 को दिया प्लाज्मा ट्रीटमेंटः** दिल्ली सरकार की तरफ से अबतक लोक नायक हॉस्पिटल के चार मरीजों को प्लाज्मा ट्रीटमेंट दिया गया। ऐसा केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद किया गया था। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि अच्छी खबर यह है कि चारों मरीजों के पॉजिटिव नतीजे दिख रहे हैं। केजरीवाल के साथ आए डॉक्टर सरीन ने बताया कि चार में से दो अगले कुछ दिन में डिस्चार्ज हो सकते हैं। इससे पहले तक ये लोग वेंटिलेटर पर जाने की स्थिति में थे। अब दोनों को आईसीयू से साधारण वॉर्ड में शिफ्ट किया जानेवाला है।

### क्या है प्लाज्मा थेरपी

एंटीबॉडी का इस्तेमाल इस थेरपी में किया जाता है, इसलिए इसे प्लाज्मा थेरपी के अलावा एंटीबॉडी थेरपी भी कहा जाता है। किसी खास वायरस या बैक्टीरिया के खिलाफ शरीर में एंटीबॉडी तभी बनता है, जब इंसान उससे पीड़ित होता है। जब वह ठीक हो जाता है तो उसके शरीर में इस कोविड वायरस के खिलाफ एंटीबॉडी बनता है। इसी एंटीबॉडी के बल पर मरीज ठीक होता है।

# कोरोना से 23,077 बीमार, 718 मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में शुक्रवार को कोविड़–19 की वजह से मरने वालों की संख्या बढ़कर 718 हो गई और संक्रमण के मामलों की संख्या तक 23,077 पहुंच गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, कोविड–19 के 17,610 मरीजों का अभी भी इलाज चल रहा है, जबकि 4,748 लोग ठीक हो चुके हैं और उन्हें अस्पतालों से छुट्टी मिल चुकी है। एक मरीज विदेश चला गया था। हालांकि, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने कहा कि कोरोना वायरस के अब तक कुल 23,502 पुष्ट मामले सामने आए हैं।

### कोविड–19 के 17,610 मरीजों का अभी भी चल रहा है इलाज

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि देश में रिपोर्ट किए गए कोविड–19 के कुल 23,077 मामलों में से 77 विदेशी नागरिक हैं। मंत्रालय ने कहा कि बृहस्पतिवार शाम से अब तक कुल 32 मौतें हुई हैं, जिनमें से 14 मौतें महाराष्ट्र में, नौ गुजरात में, तीन उत्तर प्रदेश में और दो–दो मौतें दिल्ली, मध्य प्रदेश और तमिलनाडु में हुई हैं। 718 मौतों में से, 283 मौतों के साथ महाराष्ट्र सबसे ऊपर है, इसके बाद गुजरात का नंबर है।


